# समाचार

# 01 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 31 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट शुक्रवार 01 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 अप्रेल शुक्रवार को वार्ड क्र. 01 सर्वमंगलापारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 10 संजयनगर केनाल रोड, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर आरामशीन सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर स्टेज, वार्ड क्र. 48 सुमेधा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 56 डगनियाखार, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर सामुदायिक भवन के पास कैम्प लगाए जाएंगे।